पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी , वरिष्ठ चिंतक और जनसंघ के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की स्मृति में जयपुर से 20 किलोमीटर दूर धानक्या रेलवे स्टेशन के पास राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण द्वारा राजस्थान सरकार से वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर एक विहंगम राष्ट्रीय स्मारक बनाया गया है |इस स्मारक के लिए धानक्या रेलवे स्टेशन के पास 4500 वर्ग मीटर भूमि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए)ने राज्य धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण को स्मारक बनाने के लिए उपलब्ध करवाई है | इस कार्य हेतु रेलवे के 11 क्वार्टर 450 0 वर्ग मीटर भूमि सहित प्राप्त किए| पंडित दीनदयाल जी संस्कार सृष्टि वाले रेलवे क्वार्टर को संरक्षित व संवर्धितव किया गया|उक्त भूमि पर लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक निर्माण किया गया| इस स्मारक में इस स्मारक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन के विभिन्न घटनाक्रमों को 3D , 2D, वह प्रिंट मीडिया में प्रदर्शित किया गया है|

ऐसा माना जाता है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म यंही रेलवे क्वार्टर में हुआ था | धानक्या रेलवे स्टेशन पर उनके नानाजी स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत थे | इसी के चलते पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रशंसकों तथा धानक्या गाँव की जनता ने काफी समय से यहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय भव्य स्मारक बनाने की मांग कर रहे थे| स्मारक में दीनदयाल जी उपाध्याय की अष्टधातु की 15 फीट ऊंची आदमकद मूर्ति बनाई गई है और 60 फीट ऊंचा, 4 मंजिला स्मारक बनाया गया है |जोधपुरी पत्थर से बनाया गया यह स्मारक 4500वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है | स्मारक में उपाध्याय जी की मूर्ति के अलावा उनके जीवन से जुड़ी सभी घटनाओं को भिति चित्रों और अन्य वैज्ञानिक तकनीकों से प्रदर्शित किया गया है |उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं,जनसभाओं व समाज के वरिष्ठ व प्रबुद्धजनों से मुलाकातों को भी यहाँ दर्शाया गया है |चौथी मंजिल पर एक पुस्तकालय भी बनाया गया है जहां उनके जीवन से जुड़े साहित्य को संग्रहित किया गया है|

राष्ट्रीय स्मारक के प्रमुख दृश्य

माननीय श्री अमित शाह ,श्रीमती वसुंधरा राजे एवं श्री ओंकार सिंह लखावत

स्मारक का प्रवेश द्वार

माननीय भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए

मानानीय सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भय्याजी जोशी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए

श्री प्रभुदत्त जी ब्रह्मचारी,परम पूज्य गुरुजी ,श्री अटलजी एवं दीनदयालजी